बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-305
06/05/2023

# मुख्यमंत्री ने नेपाल में हुये लैंडस्लाइड में बिहार के किशनगंज के 04 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- मृतकों के आश्रितों को दो–दो लाख रूपये अनुदान देने का दिया निर्देश

पटना, 06 मई 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नेपाल में हुये लैंडस्लाइड में बिहार के किशनगंज जिले के रहनेवाले 04 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने नेपाल हुये लैंडस्लाइड हादसे में बिहार के किशनगंज के रहने वाले 4 मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02–02 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******